# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 7) (जीवों में विविधता)

(कक्षा – 9)

## पेज 99

**प्रश्न 1:**

सरलतम पौधों को किस वर्ग में रखा गया है?

**उत्तर 1:**

सरलतम पौधों को थैलोफाइटा (Algae) वर्ग में रखा गया है।

**प्रश्न 2:**

टेरीडोफ़ाइट और फैनरोगैम में क्या अंतर है?

**उत्तर 2:**

टेरीडोफ़ाइट और फैनरोगैम में अंतर:

| S. No. | टेरीडोफ़ाइट | फैनरोगैम |
|---|---|---|
| 1. | बीजों का उत्पादन नहीं होता है। | बीजों का उत्पादन करने वाले पौधे हैं। |
| 2. | प्रजनन जीवाणु (spore) द्वारा होता है। | प्रजनन बीजों द्वारा होता है। |
| 3. | जननांग अप्रत्यक्ष तथा अविकसित होते हैं। | जननांग प्रत्यक्ष तथा विकसित होते हैं। |

**प्रश्न 3:**

जिम्नोस्पर्म और एंजियोस्पर्म एक – दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं?

**उत्तर 3:**

जिम्नोस्पर्म और एंजियोस्पर्म में अंतर:

| S. No. | जिम्नोस्पर्म | एंजियोस्पर्म |
|---|---|---|
| 1. | बीज नग्न होते हैं अर्थात फलों के अंदर नहीं होते हैं। | बीज फलों के अंदर होते हैं। |
| 2. | इनमें पुष्प नहीं होते हैं। | इनमें पुष्प होते हैं इसलिए इन्हें पुष्पी पादप भी कहते हैं। |
| 3. | इनमें भ्रूणपोष नहीं होते हैं। | इनमें भ्रूणपोष होते हैं जिनमें भोजन का संचय होता है। |
| 4. | जैसे: पाइनस, साइकस आदि। | जैसे: चना, मटर, गेंहू आदि। |